| Article Date | Headline / Summary | Publication |
|---|---|---|
| 09 Jul 2026 | Insurance will be the biggest safety net against El Niño’s economic risks, says Dr. Tapan Singhal | Dainik Navjyoti (Hindi) |

# एल नीनो के आर्थिक जोखिमों से बचाव में इंश्योरेंस बनेगा सबसे बड़ा सुरक्षा कवचः डॉ. तपन सिंघल

**नई दिल्ली।** बजाज जनरल इंश्योरेंस के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी (एमडी एवं सीईओ) डॉ. तपन सिंघल ने कहा है कि एल नीनो के कारण मौसम में बढ़ती अनिश्चितता अब केवल पर्यावरणीय चुनौती नहीं, बल्कि अर्थव्यवस्था के लिए बड़ा वित्तीय जोखिम बन चुकी है। ऐसे में बीमा समाधान किसानों, उद्योगों, एमएसएमई, लॉजिस्टिक्स कंपनियों और गिग वर्कर्स के लिए आर्थिक सुरक्षा का प्रभावी माध्यम बन सकते हैं। उन्होंने कहा कि एल नीनो के प्रभाव से अनियमित मानसून, सूखा, बाढ़, भीषण गर्मी और जल संकट जैसी परिस्थितियां पैदा होती हैं, जिससे कृषि उत्पादन, सप्लाई चेन, बुनियादी ढांचे और कारोबारी गतिविधियों पर प्रतिकूल असर पड़ता है। ऐसे जोखिमों से निपटने के लिए क्रॉप इंश्योरेंस और पैरामीट्रिक इंश्योरेंस किसानों और व्यवसायों को त्वरित वित्तीय राहत प्रदान करते हैं। डॉ. सिंघल के अनुसार, मरीन कार्गो और बिजनेस इंटरप्शन इंश्योरेंस खराब मौसम से आपूर्ति श्रृंखला बाधित होने और कारोबार ठप होने से होने वाले नुकसान की भरपाई में सहायक हैं। वहीं, प्रॉपर्टी, इंजीनियरिंग और विशेष बीमा उत्पाद एमएसएमई, इंफ्रास्ट्रक्चर तथा नवीकरणीय ऊर्जा परियोजनाओं को सुरक्षा प्रदान करते हैं। उन्होंने कहा कि बाहर काम करने वाले गिग वर्कर्स के लिए पर्सनल एक्सीडेंट और अन्य सुरक्षा योजनाएं भी अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। उन्होंने कहा कि जलवायु परिवर्तन के बढ़ते प्रभाव के बीच हेल्थ, होम, क्रॉप, इंजीनियरिंग, मरीन और पैरामीट्रिक इंश्योरेंस जैसे समाधान वित्तीय नुकसान को कम करने, कारोबार की निरंतरता बनाए रखने और परिवारों व उद्योगों की शीघ्र आर्थिक रिकवरी सुनिश्चित करने में अहम भूमिका निभाएंगे।

